अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 29.10.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 29.10.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की गई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, समस्त सहायक अभियन्ता, समस्त जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर, विडियो कॉन्फ्रेशिंग के माध्यम से जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व बैठक में 95 नग योजनाओं पर ग्रामीणों द्वारा निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है एवं योजनाओं में जलकल परिसर हेतु जो भूमि प्राप्त हुई थी उनमें जलकल परिसर में पहुंचने हेतु रास्ता नहीं है को निस्तारण हेतु आप महोदय के स्तर से समस्त उप जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया था जिसमें में अद्यतन तक मात्र 06 नग विवादों का ही निस्तारण किया गया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित समस्त उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण), कार्यदायी दोनों फर्मों को कड़ाई से निर्देशित किया गया कि उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए दिनांक 05.11.2026 तक समस्त विवदों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण /मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड)

2– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि CIRP (Comprehensive Implementation and Reform Plan) के अनुसार जनपद में संचालित जल जीवन मिशन की योजनाओं को माह अक्टूबर 2026 तक 82 नग, माह दिसम्बर 2026 तक 02 नग, माह जनवरी 2027 तक 392 नग, माह मार्च 2027 तक 290 नग, माह जून 2027 तक 19 नग, माह सितम्बर 2027 तक 09 नग, माह दिसम्बर 2027 तक 352 नग, माह मार्च 2028 तक 182 नग एवं जून 2028 तक 04 नग योजनाओं को पूर्ण किया जाना लक्षित है। जिसके सापेक्ष माह अक्टूबर 2026 की 82 नग, माह जनवरी 2027 की 148 नग, माह मार्च 2027 की 102 नग, माह दिसम्बर 2027 की 124 नग, माह मार्च 2028 की 09 नग कुल 465 नग योजनाओं के भौतिक कार्यों को पूर्ण कराते हुए 314 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर लिया गया है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समयान्तर्गत योजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराते हुए संचालन एवं अनुरक्षण सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण /मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

3– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा शिरोपरि जलाशयों में लगायी गई NCs के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 130 क्रिटिकल एवं 205 मेजर कुल 335 NCs है जिसमें 130 क्रिटिकल एवं 204 मेजर कुल 334 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 1 NCs को क्लोज करने हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड / टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

4– समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़े गये मार्गों की पुर्नस्थापना को शत्–प्रतिशत 10 नवम्बर 2026 तक स्थायी पुर्नस्थापना कराना सुनिश्चित करें।

5– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर अवगत कराया गया कि जल निगम ग्रामीण की पूर्व से निर्मित 35 नग योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0 द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 04 नग योजनाऐं पूर्ण क्षमता पर संचालित, 29 नग योजनाऐं आंशिक क्षमता पर संचालित है एवं 02 नग योजनाऐं बन्द है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि आंशिक क्षमता पर संचालिया योजनाओं को पूर्ण क्षमता पर संचालित करें एवं बन्द योजनाओं के कार्य कराते हुए योजनाओं को संचालित कराना सुनिश्चित करें

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण /मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

(डा0 राजागणपति आर.)
जिलाधिकारी
सीतापुर।

कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर

पृ0 संख्याः 10122 / M-3 /50 दिनॉक 05 / 11 /26

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3– समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद सीतापुर।
4– उप महाप्रबन्धक (टेक), मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।
6– डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
7– प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक्स लि0, सीतापुर।

जिलाधिकारी,
सीतापुर।